टैरिफ निर्धारण प्रक्रिया, सिद्धांतों और युक्तिकरण पर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

उपभोक्ताओं ने जानी बिजली प्रशासन, अधिकारों और जिम्मेदारियों से संबंधी बारिकियां

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। राजस्थान विद्युत नियामक आयोग के सहयोग से सेंटर फॉर एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड पीपल (सीईईपी) द्वारा प्रशिक्षण श्रृंखला ग्रिड से घर तक के अंतर्गत दूसरी कार्यशाला का आयोजन आरईआरसी परिसर में किया गया। श्रृंखला का उद्देश्य राजस्थान में बिजली उपभोक्ताओं को बिजली प्रशासन, उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देना था। कार्यशाला में टैरिफ निर्धारण के तरीकों, वितरण टैरिफ डिजाइन एवं याचिका की समीक्षा करने के उपायों सहित संबंधित विषयों को शामिल किया गया। सीईईपी के सह संस्थापक अंशुमन गोठवाल ने बताया

कि कार्यशाला में 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं टैरिफ युक्तिकरण सिद्धांतों और इससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से हुई।